तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 सितंबर 2025

10 बच्चों को प्रकृति व जीव-जंतुओं से जोड़ना....

10 सरकार आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए....

खबर संक्षेप

सहपाठी पर जानलेवा हमले का मामला दर्ज

जींद। गांव संडील के निजी स्कूल मे सहपाठी पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने पर अलेवा थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर आरोपित छात्र के खिलाफ जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज किया है। थुआ निवासी मुकेश ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटा हितेश गांव सडील के निजी स्कूल मे ग्यारहवीं का छात्र है।

कैथलः आईटीआई में रोजगार मेला 19 को

कैथल। जिला रोजगार अधिकारी ममता ने बताया कि रोजगार कार्यालय कैथल के सौजन्य से जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 19 सितंबर को सुबह 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैथल में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी व युवाओं का चयन करेगी।

मंदिर से नकदी तथा एलईडी चोरी, केस

जींद। गांव अलेवा विश्वकर्मा मंदिर तथा खाटू श्याम मंदिर के दान पात्र से नकदी तथा एलईडी के गायब होने पर अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक युवक के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। अलेवा निवासी दयानंद ने शिकायत मे बताया कि बीती रात चोरों ने विश्वकर्मा मंदिर तथा खाटू श्याम मंदिर के दान पात्रो से नकदी लगी एलईडी को चोरी कर लिया।

दुकान से हजारों का सामान चोरी

कैथल। कलायत खंड के गांव बालू से चोर एक दुकान का ताला तोड़कर वहां पर करीब 40000 की नकदी चुरा कर ले गए। गांव बालू के बलिंदर ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने गांव में मिठाई की दुकान करता है। आरोप है कि चोर 5 की रात को दुकान का ताला तोड़कर घुसे और वहां पर रखे 40000 की नकदी चुरा कर ले गए।

हजारों रुपये कीमत की तार चोरी, मामला दर्ज

जींद। गांव करसोला के निकट से बीती रात चोरो ने हजारों रुपये कीमत की बिजली तार को चोरी कर लिया। बिजली निगम के एसडीओ की शिकायत पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिजली निगम जुलाना के एसडीओ सचिन ने पुलिस को शिकायत दी है।

मकान से आभूषण चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

कैथल। थाना चीका क्षेत्र में मकान से चोरी के मामले की जांच थाना चीका पुलिस के एचसी सुमित कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी चीका के अंबा कालोनी निवासी राहुल व महिला आरोपी भूपेंद्र कौर को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वार्ड नं 4 चीका निवासी महिला दानी देवी की शिकायत अनुसार कुछ दिनों के लिए मायके गई थी।

कैथलः चोरों ने मकान से लाखों का सामान चुराया

कैथल। गांव उमेदपुर से चोर एक घर में घुसकर वहां से लाखों रुपए के जेवरात व नकदी चुरा कर ले गए। गांव उमेदपुर की महिला महेंद्र कौर ने सिविल पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोर घर में घुसकर वहां पर रखे 6500 की नकदी, जेवरात तथा गेहूं चुरा कर ले गए। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

शिकायत निवारण फोरम की बैठक 12 सितंबर को

कैथल। उत्तर हरियाणा वितरण बिजली वितरण निगम कैथल के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक 12 सितंबर को यूएचबीवीएन कार्यालय कैथल के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित होगी।

उपायुक्त के मार्गदर्शन में प्रशासन निरंतर निगरानी कर रहा

राहत की बात : घग्गर नदी का जल स्तर घटकर अब 24. 6 फुट तक पहुंच गया

टांगरी और मारकंडा में पीछे जलस्तर कम होने की सूचना प्राप्त हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि घग्गर से लगते गांवों के लिए अब राहत की बात है कि घग्गर का जल स्तर कम होना शुरू हो गया है। घग्गर टटियाणा गेज पर मंगलवार को सुबह 7 बजे जल स्तर 24.8 फुट पर (54349 क्यूसेक पानी) दर्ज किया गया था। इसके बाद दो घंटे बाद यानी सुबह 9 बजे घग्गर का जल स्तर कम होकर 24.7 फुट पर (54022 क्यूसेक) दर्ज किया गया। सायं 3 बजे जलस्तर का लेवल 24.6 पर पहुंच गया है। जलस्तर घटने का सिलसिला जारी है।

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि जब से घग्गर का जल स्तर बढ़ना शुरू हुआ था, तब से अब तक जिला उपायुक्त प्रीति के मार्गदर्शन में निरंतर जिला व स्थानीय प्रशासन पूरी निगरानी कर रहा है। डीसी प्रीति, एसपी आस्था मोदी तथा उन्होंने स्वयं भी घग्गर से लगते गांवों का दौरा कर रहे हैं। ग्रामीणों व किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। बताया कि टांगरी व मारकंडा में पीछे जलस्तर कम होने की सूचना प्राप्त हो रही है और धीरे-धीरे घग्गर का जल स्तर भी कम होने की संभावना है। किसी भी गांव की आबादी में घग्गर का पानी नहीं पहुंचा है।

खतरे के निशान से डेढ फीट ऊपर चल रही घग्गर

गुहला चीका बाढ़ ग्रस्त एरिया का निरीक्षण करते सीजेएम कंवल कुमार व अन्य।

मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि सिंचाई विभाग द्वारा कमजोर तटबंधों को मजबूत करने का कार्य निरंतर जारी है। इसके अलावा विभिन्न विभागों द्वारा अपनी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई जा रही है और आमजन को राहत पहुंचाई जा रही है। इसके अलावा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, वहीं पशुओं का उपचार किया जा रहा है। विभिन्न विभागों द्वारा गांवों में सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही है।

फसल पंजीकरण पोर्टल खोला

बताया कि फिलहाल जहां खेतों व सड़कों पर पानी भरा हुआ था, अब कम होना शुरू हो गया है। फसल खराबा दर्ज करने के लिए सरकार द्वारा क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। घग्गर से लगते 39 गांव के किसान खराब हुई अपनी फसलों का पंजीकरण पोर्टल कर सकते हैं। किसान पर जाकर अपना आवेदन कर सकता है।

किसानों को राहत दिलाने का भरोसा

गुहला- चीका। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार ने मंगलवार को गुहला मंडल के बाढ़ प्रभावित गांवों का फील्ड विजिट किया। सबसे पहले वह रत्ता खेड़ा और लुकमान गांव पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और खेतों में खड़ी बर्बाद फसल का ग्राउंड असैसमेंट किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि भले ही गांव के रिहायशी इलाकों में पानी नहीं आया, लेकिन खेतों की फसल पूरी तरह से तबाह हो चुकी है। सीजेएम ने मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार बंसीलाल को निर्देश दिए कि गांव की सारी फसल को नुकसानग्रस्त में दर्शाया जाए, ताकि किसानों को राहत राशि उपलब्ध करवाई जा सके ।सीजेएम ने किसानों से अपील की कि वे अपनी फसल की स्थिति को सरकार के पोर्टल पर दर्ज कराएं। यदि पंजीकरण में कोई परेशानी आती है, तो जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (लीगल सर्विसेज अथॉरिटी) के सदस्य उनकी सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगे। बाद में सीजेएम टटियाना पुल पहुंचे और बाढ़ की स्थिति का ऑन-साइट इंस्पेक्शन किया। अधिकारियों ने बताया कि घग्गर नदी का जलस्तर पिछले कई दिनों से स्थिर बना है, मारकंडा नदी सहित अन्य जल स्रोतों में भी जलस्तर में गिरावट देखी जा रही है।

जींद। खेतों में जलभराव का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम दलजीत सिंह।

पानी निकासी की समस्या का जल्द होगा समाधानः दलजीत

- एसडीएम ने बारिश से प्रभावित गांवों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

एसडीएम दलजीत सिंह द्वारा दुर्जनपुर, उदयपुर एवं नचार गांव में खेतों में भरे बरसाती पानी निकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। किसानों ने जानकारी देते हुए बताया कि लगातार बरसात की वजह से उनके खेतों में पानी भर गया है, जिसके कारण उनकी खेतों में खडी फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है। दुर्जनपुर के राजकीय स्कूल में भरे बारिश के पानी की निकासी जल्द से जल्द करने को लेकर निर्देश दिए। एसडीएम ने आश्वासन देते कहा कि प्रशासनिक अधिकारी लगातार पूरे जिला में नजर रखे हुए है और बरसात से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करके बरसाती पानी को निकालने के उचित प्रबंध किए जा रहे है। बरसाती पानी निकासी की समस्या का जल्द से जल्द समाधान होगा। इसके लिए सभी संबंधित विभाग मिलकर कार्य कर रहे है। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हाल में भारी बरसात से खेतों में जलभराव की निकासी के कार्य में और तेजी लाई जाए। इसके लिए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पंप सेट, पाइपलाइन, डीजल इंजन सहित अन्य जल निकासी यंत्रों का उपयोग किया जाए।

जलभराव ज्यादा

एसडीएम ने कहा कि उपमंडल के कई गांवो में फसल प्रभावित हुई है, साथ ही कई गांवो के खेतों में वर्तमान में जल भराव ज्यादा है। प्रशासन लगातार आपदा की इस घड़ी में प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। कहा कि किसानों की फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए सरकार द्वारा फैसला लिया है। इसके लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। प्रभावित किसान अपने नुकसान का ब्योरा पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं।

करनाल पुलिस पर हमला करने के आरोपी को प्रोटेक्शन वांरट पर लिया

- नूह जेल मे बंद था आरोपित, पूछताछ जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सिविल लाइन थाना पुलिस ने लगभग सवा दो साल पहले डिटेक्टिव स्टाफ करनाल टीम पर जानलेवा हमला करने, सरकारी कार्य मे बाधा डालने मे वाछित आरोपित को नूह जेल से प्रोटेक्शन वांरट पर लिया। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ करनाल के निरीक्षक मोहन लाल ने 17 जुलाई 2022 को सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत मे बताया था कि उन्हे सूचना मिली थी कि आठ जुलाई को असंध में मिनाक्षी अस्पताल के अंदर तथा बाहर फायरिंग करने में वांछित बदमाश जींद जिले के गांव निर्जन से पिंडारा जाने वाले लिंक मार्ग पर बने खाली मकान में रूके हुए हैं। पुलिस टीमों ने मकान को घेर कर युवकों को आत्मसर्मपण करने के लिए कहा। जिस पर युवकों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। गोली पुलिस गाडी के शीशे को चीरती हुई अंदर सीट में जा धंसी। जिसमे चालक बाल बाल बच गया। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की थी।

पूछताछ की जा रही

सिविल लाइन थाना पुलिस ने निरीक्षक मोहनलाल की शिकायत पर मोहित तथा सोभित के खिलाफ जानलेवा हमला करने, शस्त्र अधिनियम, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। आरोपितों से पुलिस पूछताछ के दौरान गांव नाहरपुर गुरूग्राम निवासी संदीप का नाम सामने आया था। आरोपित नूह जेल मे बंद था। मामले मे वांछित होने के चलते सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपित संदीप को नूह जेल से प्रोटेक्शन वांरट पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

धूप लघु उद्योग के नाम पर 33.84 लाख ठगे

- भुगतान से मुकरकर पीड़ितों को जान से मारने तक की धमकी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के एक युवक से धूप लघु उद्योग के नाम पर 33.84 लाख रुपये की ठगी कर ली। इस मामले में सिविल लाइन थाना की पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में आरोपियों ने कच्चा माल देने और सिक्योरिटी राशि लौटाने का वादा किया, लेकिन बाद में एग्रीमेंट व भुगतान से मुकरकर पीड़ितों को जान से मारने तक की धमकी दी। सिविल लाइन थाने में दी गई शिकायत में जनकपुरी कालोनी निवासी प्रवीन कुमार ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि वह और गांव छौत का राजबीर धूप के कप बनाने का काम करते थे। मार्च 2025 में हांसी निवासी अभियंत संधु उनके डिफेंस कॉलोनी स्थित कार्यालय में आया। संधु ने उसे कहा कि अगर हमसे अधिक मात्रा में माल लेकर बनाओगे तो अधिक पैसा मिलेगा। कच्चा माल भी अभियंत ने देने की बात कही। साथ ही तैयार हुआ माल भी लेने की बात कहकर समझाया कि कच्चे माल की एवज में आपको 50 लाख रुपए सिक्योरिटी जमा करवानी पड़ेगी। जब काम बंद करोगे तो सिक्योरिटी वापस कर दी जाएगी। प्रवीन कुमार के मुताबिक आरोपी ने कहा कि वह एक महीने में 10 टन कच्चा माल देगा व 190 रुपए प्रति किलो बनवाई मिलेगी। माल तैयार कर वापस दोगे तो मैं तुम्हें मजदूरी बनवाई के रूप में 190 रुपये प्रति किलो के हिसाब से दूंगा। वे आरोपी की बातों में आ गए और अभियंत ने सिक्योरिटी के पैसे जमा करवाने के लिए अपनी फर्म उडान ट्रेडर्स का गुगल-पे का नंबर दे दिया। उसने व उसके साथियों प्रवीन, गुलाब व पवन ने मिलकर 22 अप्रैल से 18 जून तक आरोपी को लगभग 33 लाख 84 हजार रुपये जमा करवा दिए।

मामले की जांच जारी

इस पर आरोपी ने उनके पास 10 टन माल भेज दिया और कहा कि अगले महीने और नौ टन माल देगा। उसने व उसके साथियों ने 10 टन माल के कप बना कर आरोपी को सूचित कर दिया और तैयार माल आरोपियों के दिए पते पर भेज दिया। प्रवीन कुमार के मुताबिक जब उसने व उसके साथियों ने तैयार माल की मजूदरी के 18 लाख रुपये मांगे तो आरोपी ने कहा कि आपने सिक्योरिटी 50 लाख की राशि में से कम रुपए दे रखे हैं। उसमें एडजस्ट होकर आपकी सिक्योरिटी राशि पूरी हो गई है। आगे जो माल आएगा उसकी मजदूरी आपको अदा कर दी जाएगी। सिविल लाइन थाना प्रभारी सुरेश ने बताया कि केस में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राजौंद। गांव जाखौली में बैठक के दौरान मौजूद किसान व अन्य।

बाढ़ नुकसान की गिरदावरी की मांग

राजौंद। भारतीय किसान मजदूर यूनियन कमेरा वर्ग के पद्धादिकारी गांव जाखौली में पहुंचें। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष महाबीर चहल ने कहा कि लगातार चल रही ज्यादा बरसात ने किसानों की फसल को तबाह व सपनों को चूर चूर कर दिया है। जिससे किसानों को भारी क्षति हो चुकी है, सरकार व प्रशासन से निवेदन करते हैं कि जहां भी फसलों का नुकसान हुआ है तुरंत गिरदावरी करवाई जाए और नुकसान का आंकलन कर किसानों को उचित मुआवजे की राशि दी जाए ताकि किसानों को कुछ राहत मिल सके। इस दौरान युवा प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र मागोमाजरी ने कहा कि बहुत से किसानों की फसलें नष्ट हो चुकी है और जो फसल शेष बची है उसकी सरकारी खरीद पंजाब सरकार की तरह 15 सितंबर से शुरू की जाए ताकि किसानों को कोई परेशानी न हो क्योकि हर साल सरकार धान की खरीद लेट शुरू करती है जबकि फसल जल्द पककर तैयार हो चुकी होती है और मंडियों में खरीद शुरू न होने के कारण फसलों को ओने पौने दामों में बेचना पड़ता है जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

तीसरे दिन गांव कुराड़ के पास नहर में डूबे युवक दीपक का शव बरामद

- मृतक के पिता ने जताई साजिश की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

फतेहपुर के पास रविवार को सरसा ब्रांच नहर में डूबे 20 वर्षीय दीपक उर्फ गोलू की लाश मंगलवार को कलायत क्षेत्र के गांव कुराड़ के पास नहर से बरामद हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कैथल के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना से परिवार में मातम पसरा हुआ है। मृतक के पिता सुरेश वर्मा निवासी ओल्ड हाउसिंग बोर्ड रोहतक ने पूंडरी पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज करवाई है। सुरेश ने बताया कि उसका बेटा दीपक 7 सितंबर को अपनी बहन के घर फतेहपुर आया था। उसी दिन उसके साथ तीन मामा के लड़के बिजेंद्र, बन्टी, जीतू और जीजा सुशील भी थे। ये सभी उसके बेटे दीपक को बहला फुसलाकर फतेहपुर के पास पनचक्की के नजदीक नहर पर ले गए और नहाने लगे। इन्होंने ने शराब पी हुई थी। इसी दौरान दीपक डूब गया जबकि बाकी लोग सुरक्षित बाहर आ गए।

मामला दर्ज

सुरेश ने अपनी शिकायत में गंभीर आरोप लगाते कहा कि घटना से आधा घंटा पहले ही दीपक ने अपनी बहन कोमल को फोन पर बताया था कि रिश्तेदार उससे झगड़ा कर रहे हैं और कोमल को उन्हें समझाने के लिए कहा था। सुरेश का कहना है कि उसे पूरा संदेह है कि यह साधारण डूबने की घटना नहीं बल्कि साजिशन हत्या है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जींद। अवैध निर्माण को हटाते जेसीबी। *फोटो :हरिभूमि*

अवैध कालोनी में चलाया पीला पंजा

जींद। सफीदों में नया बस अडडा के निकट काटी जा रही कृषि योग्य जमीन पर अवैध कालोनी विकसित करने के लिए बनाई गई मिटटी की सडक़ो को डीटीपी अमले ने जेसीबी की सहायता से उखाड़ दिया। डीटीपी ने चेताया कि अगर बिना एनओसी के कालोनी विकसित करने की कोशि की तो कडी करवाई अमल मे लाई जाएगी। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी डयूटी मैजिस्ट्रेट के साथ मौके पर बना रहा। डीटीपी को सूचना मिली थी कि सफीदो नया बस अडडे के निकट कृषि योग्य जमीन पर बिना विभाग की एनओसी के लगभग 12 एकड़ में अवैध कालोनी काटी जा रही है। जिसमे मिटटी की सडके बनाई जा रही है। ताकि उसमे प्लाट काट कर बेचे जा सके। नियम अनुसार कृषि योग्य जमीन को रिहायशी मे तब्दील करने के लिए विभाग से एनओसी लेना जरूरी है। डीटीपी मनीष कुमार के नेतृत्व मे अमला मौके पर पहुचा और जेसीबी की सहायता से वहां बनाई गई मिटटी की सडको को जेसीबी की सहायता से उखाड़ दिया। डीटीपी की कार्रवाई के दौरान तहसीलदार सजय कुमार डयूटी मैजिस्ट्रेट के तौर पर पुलिस बल के तैनात रहे।

मशीन से हाजिरी अपडेट नहीं हो रही, डाइट राशि पर पड़ेगा असर

हाजिरी लगाने में खिलाड़ियों को आ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बायोमैट्रिक मशीन से खिलाड़ियों को हाजिरी लगाने में परेशानी आ रही है। तकनीकि खामियों के चलते मशीन से खिलाड़ियों की हाजिरी अपडेट नहीं हो पा रही है। इससे खिलाड़ी व कोच परेशान है। कोच व खिलाड़ियों का कहना है कि बायोमैट्रिक मशीन से हाजिरी लगाने में ज्यादा समय लग जाता है।

कई बार सभी खिलाड़ियों की हाजिरी मशीन से लग भी नहीं पाती। इस कारण खिलाड़ियों की प्रैक्टिस भी बाधित होती है। ऐसे में जिन खिलाडिय़ों की हाजिरी नहीं लग पा रही है, उन्हें हाजिरी अपडेट करवाने को लेकर संशय है। खिलाडिय़ों का कहना है कि अगर उनकी हाजिरी अपडेट नहीं होती है तो उन्हें मिलने वाली डाइट राशि पर असर पड़ सकता है। खिलाडिय़ों को हाजिरी के आधार पर ही डाइट राशि मिलती है। खिलाड़ी को महीने में 22 दिन हाजिरी लगानी अनिवार्य है। बता दें कि खेल विभाग की ओर से पिछले दिनों बायोमैट्रिक मशीन से माध्यम से खिलाडिय़ों की हाजिरी लगवाने के निर्देश आए थे।

इसके लिए नर्सरी संचालकों को बायोमैट्रिक मशीन खरीदने के निर्देश दिए गए थे। इस सत्र में जिले में 60 सरकारी स्कूलों और ग्राम पंचायतों में खेल नर्सरियां चल रही हैं। बायोमैट्रिक मशीन में खिलाडिय़ों को हाजिरी लगाने में परेशानी हो रही है। एक नर्सरी में 25 खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। खेल विभाग की ओर से 8 से 14 वर्ष के खिलाडिय़ों को 1500 रुपये और 15 से 19 वर्ष के खिलाडिय़ों को दो हजार रुपये की राशि दी जाती है।

रजिस्टर में भी दर्ज की जा रही हाजरी

जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने कहा कि खिलाड़ियों की हाजिरी को लेकर जो दिक्कत आ रही है, उसके बारे में मुख्यालय से मार्गदर्शन मांगा गया है। मुख्यालय से जो निर्देश आएंगे, उसके हिसाब से खिलाड़ियों को अवगत करवा दिया जाएगा। अभी साथ-साथ में खिलाड़ियों की हाजिरी रजिस्टर में भी दर्ज की जा रही है।

जींद की बेटी डॉ. कविता ने यूजीसी नेट में रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव शामलो कलां की पुत्रवधू और सीआरएसयू, जींद के भौतिकी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. कविता ने संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट परीक्षा (जून 2025) में शानदार सफलता अर्जित की है। उन्होंने भौतिकी विषय में 116वीं ऑल इंडिया रैंक प्राप्त की है और जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) भी हासिल की है। यह परीक्षा 28 जुलाई को देशभर के 218 शहरों में कंप्यूटर-आधारित मोड से आयोजित की गई थी। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इसमें 1,95,241 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था, जबकि 1,47,732 परीक्षार्थी उपस्थित हुए।

शिक्षा और शोध का सफर

डॉ. कविता चहल मूल रूप से गांव भोंगरा (उचाना) की निवासी हैं। उन्होंने 10वीं और 12वीं की पढ़ाई उचाना मंडी के एसएसएमएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल से की। इसके बाद डी.एन. कॉलेज हिसार से बीएससी. (एनएम) और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (केयूके) कैंपस से एम.एससी. (भौतिकी) की। प्रवेश के समय वे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान पर रहीं।

खबर संक्षेप

मांगों को लेकर पेंशनर्ज पिछले नौ वर्ष से संघर्षरत

जींद। आबकारी एवं कराधान वेलफेयर पेंशनर्ज एसोसिएशन की बैठक नरेंद्र सिंगला की अध्यक्षता में हुई। मंच संचालन राज्य महासचिव महेंद्र सिंह जागलान ने किया। उन्होंने कहा कि पेंशनर्ज पिछले नौ वर्ष से संघर्षरत हैं, परंतु सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंगती और न ही मुख्यमंत्री पेंशनर्ज को मिलने का समय देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार घोषणा तो कर देती हैं ।

अलग अलग स्थानो से दो युवतियां लापता,केस

जीद। जिले मे अलग अलग स्थानो से दो युवतियो के संदिग्ध हालात मे गायब होने पर सबधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए है। पुलिस मामलों की जांच कर रही है। गांव खोखरी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत दिवस उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। वही गांव सफा खेडी से भी युवती संदिग्ध हालात मे गायब हो गई।

उच्च शिक्षा में प्रोत्साहन के लिए आवेदन जारी

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही हर छात्रवृत्ति योजना के तहत वर्ष 2025-26 की छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन पोर्टल पर 30 नवंबर 2025 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र प्राप्त किए जा रहे है। हर छात्रवृत्ति योजना का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा के युग में योग्य एवं जरूरतमंद अनुसूचित जाति व पिछड़े वर्ग के छात्र, छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है।

रत्न पुरस्कार के लिए 15 तक आवेदन आमंत्रित

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा नेबताया कि केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार के लिए ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक पशुपालक, डेयरी सहकारी समितियां, एफपीओ तथा कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन 15 सितंबर, 2025 तक इस पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

नशा मुक्ति अभियान से जुड़कर करें नशे पर वार

जींद। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका ने सोमवार को सोमनाथ मंदिर के नजदीक स्थित नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नशे की परिभाषा उसके प्रकार प्रतिबंधित एवं चेतावनी युक्त नशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि भारत में वर्ष 1985 से एनडीपीएस अधिनियम लागू है। अधिनियम के अंतर्गत होने वाले अपराध संज्ञेय एवं गैर-जमानती होते हैं।

पेयजल-सीवरेज शिकायत के लिए नंबर जारी : मताना

जींद। जन स्वास्थ्य के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति व सीवरेज से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विभाग ने नंबर 90417-41800 जारी किया है। इससे पहले विभाग ने टोल फ्री नंबर की सुविधा उपलब्ध करवाई हुई है। व्हाट्सएप नंबर पर उपभोक्ताओं को टोल फ्री नंबर के व्यस्त रहने जैसी समस्या का भी सामना नहीं करना पड़ेगा।

मोतीलाल स्कूल के छात्रों ने किया पशुपालन व जीव-जंतुओं का अवलोकन

बच्चों को प्रकृति व जीव-जंतुओं से जोड़ना अत्यंत आवश्यक : संदीप

विद्यालय प्रशासन ने छात्रों को सुरक्षित यात्रा और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई

शैक्षिक यात्रा कक्षा-कक्ष से बाहर निकलकर वास्तविक जीवन से जुड़ाव का बेहतरीन अवसर सिद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इसी कड़ी में विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए ढाठरथ गांव में एक शैक्षिक भ्रमण (एजुकेशन फिल्ड ट्रिप) का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में पहली कक्षा से पांचवीं कक्षा तक के छात्र तथा 11वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थी शामिल हुए। भ्रमण में कुल 350 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय प्रशासन ने छात्रों को सुरक्षित यात्रा और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न पशुओं के आवास का अवलोकन किया। बच्चों ने देखा कि अलग-अलग प्रजातियों के जीव-जंतु अपने वातावरण में किस प्रकार रहते हैं और उनका जीवन-चक्र कैसा होता है। छात्रों ने विशेष रूप से खरगोश और चूहों जैसी छोटी प्रजातियों का अध्ययन किया। उन्होंने जाना कि खरगोश घास, पत्तियाँ आदि खाकर अपना जीवन यापन करते हैं और चूहे समाज में विभिन्न तरीकों से किस प्रकार जुड़ाव रखते हैं। प्राचार्य रविंद्र कुमार ने बताया कि भ्रमण का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह रहा कि छात्रों ने पशुपालन की अवधारणा को गहराई से समझा। उन्हें बताया गया कि पशुपालन केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार ही नहीं है, बल्कि यह रोजगार और पोषण का भी प्रमुख साधन है। बच्चों ने प्रत्यक्ष रूप से देखा कि खरगोश चूहे, गाय, भैंस, बकरी आदि पशुओं की देखभाल कैसे की जाती है और उनसे अन्य उत्पाद किस प्रकार प्राप्त किए जाते हैं। भ्रमण के दौरान बच्चों में भारी उत्साह देखा गया। छोटे छात्र जिज्ञासा से प्रश्न पूछते रहे और बड़े छात्र अपनी कक्षाओं में पढ़ाए गए विज्ञान और पर्यावरण अध्ययन के विषयों को प्रत्यक्ष रूप में अनुभव कर पाए। इस प्रकार यह शैक्षिक यात्रा कक्षा-कक्ष से बाहर निकलकर वास्तविक जीवन से जुड़ाव का बेहतरीन अवसर सिद्ध हुई।



जींद। शैक्षिक भ्रमण के दौरान खरगोश को देखते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

छात्रों को प्रोत्साहित किया

चेयरपर्सन राजेश कुमार ने इस पूरे आयोजन में विशेष योगदान दिया। उन्होंने न केवल छात्रों के लिए सभी सुविधाओं की व्यवस्था करवाई, बल्कि स्वयं भी छात्रों के साथ जुड़कर उन्हें प्रोत्साहित किया। उनके मार्गदर्शन में यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए एक यादगार अनुभव बन गया।

छात्रों को प्रोत्साहित किया

विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि हम अपने छात्रों को वास्तविक जीवन के अनुभवों से जोडना चाहते हैं। शैक्षिक भ्रमण के माध्यम से बच्चों को प्रकृति और जीव-जंतुओं से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करती हैं।

संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य

विद्यालय समय-समय पर इस तरह के भ्रमण करवाते रहते हैं ताकि विद्यार्थी नई-नई चीजें सीखते हुए प्रगति की ओर बढ़ सकें। इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य केवल घूमना-फिरना नहीं था, बल्कि यह छात्रों को ज्ञान, अनुभव और व्यवहारिक शिक्षा देने का एक सशक्त माध्यम रहा। इससे बच्चों को यह समझने का अवसर मिला कि जीव-जंतु हमारे पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनका संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

जींद। उदयपुर गांव में मनरेगा मजदूरों को संबोधित करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

डिप्टी स्पीकर के आवास पर विरोध प्रदर्शन 16 को

- उचित मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं तथा स्थायी रोजगार की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मनरेगा मेट एवं मजदूर यूनियन हरियाणा के आह्वान पर मनरेगा से जुड़े मेट व मजदूरों की लंबित मांगों लेकर 16 सितंबर 2025 को डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा के जींद आवास पर आक्रोश प्रदर्शन करेंगे। जिसमें प्रदेशभर से हजारों मजदूर शामिल होंगे। उचाना ब्लॉक के उदयपुर गांव में मनरेगा मजदूरों व मेटों को इसकी जानकारी देते हुए सीआईटीयू के जिला प्रधान कॉमरेड सतबीर खरल ने बताया कि मनरेगा मेट और मजदूर लंबे समय से उचित मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, समय पर भुगतान तथा स्थायी रोजगार की मांग कर रहे हैं। लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। हाल ही में केंद्रीय जांच एजेंसी की सिफारिश पर प्रदेश सरकार ने मनरेगा के अधिकांश कार्यों पर पूर्ण रोक लगा दी है। इससे हजारों मेट व मजदूरों की आजीविका संकट में आ गई है और उनके परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। मनरेगा का काम ऐसे समय में बंद किया है जब पूरा प्रदेश बाढ़ की त्रासदी से ग्रस्त है।

आर्थिक संकट से बचाए

उन्होंने सभी मनरेगा मेट, मजदूर साथियों और श्रमिक हितैषियों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में शामिल होकर अपने हक की आवाज बुलंद करें। यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहेगा और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाया जाएगा। इन मजदूरों को मेट विक्रम सिंह, नरेश दनोदा ने भी संबोधित किया। कॉमरेड रमेश चंद्र ने कहा कि ग्रामीण विकास में मनरेगा श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार का यह दायित्व है कि श्रमिकों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें आर्थिक संकट से बचाए।

तेज बरसात से गिरी छत, ग्रामीणों ने पचास हजार की आर्थिक मदद की

- प्रशासन व सरकार ने नहीं की परिवार की मदद तो ग्रामीण आए आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंसानियत और आपसी सहयोग की मिसाल पेश करते हुए जुलाना खंड के करेला गांव के ग्रामीणों ने एक गरीब परिवार की मदद के लिए आगे आकर समाज में एक प्रेरणादायक उदाहरण स्थापित किया है। पिछले दिनों आई बरसात के कारण करेला गांव में एक गरीब परिवार का मकान अचानक ढह गया। इस हादसे में परिवार बेघर हो गया और उनके पास सिर पर छत तक नहीं बची। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गांव के लोगों ने आपसी सहयोग से चंदा इक_ा करना शुरू किया। ग्रामीणों की एकजुटता का परिणाम यह रहा कि कुछ ही दिनों में 50,000 की राशि एकत्र की गई साथ ही परिवार के लिए राशन और अन्य जरूरी सामग्री भी जुटाई गई। यह आर्थिक सहायता और खाद्य सामग्री पीड़ित परिवार को सौंपी गई, जिससे उन्हें दोबारा जीवन पटरी पर लाने में बड़ी राहत मिली है।

ये बोले-पूर्व सरपंच

पूर्व सरपंच साधूराम ने कहा कि अन्य लोगों को भी गांवों में गरीब परिवारों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। हमारा धर्म है कि जब किसी पर संकट आता है, तो हम एकजुट होकर उसकी मदद करें। आज हम एक की मदद कर रहे हैं, कल को हमें भी जरूरत पड़ सकती है।

अरमान की मदद के लिए सेवा ग्रुप ने बढ़ाया हाथ

उपचार के लिए 32 हजार से अधिक की राशि एकत्रित कर परिवार का सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

करीब पांच साल पहले बने उचाना सेवा ग्रुप निरंरत जरूरतमंदों का सहारा बन रहा है। बस स्टैंड के पास हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से 80 प्रतिशत तक झूलसे अरमान के परिवार को 32301 रुपये की आर्थिक सहायता एकत्रित करके मुहैय्या कराने का काम किया। ग्रुप संयोजक मा. रामप्रसाद ने बताया कि अरमान आठवीं कक्षा का छात्र है। वो अपने घर के पास गली में खेल रहा था तो घड़ी के शैल को आसमान की तरफ उछाल दिया तो बिजली की लाइन से टकरा कर वो आग के गोले में तबदील होकर अरमान की तरफ वापस आ गया। अरमान इससे 80 प्रतिशत तक झूलस गया। हाल में उसका उपचार हिसार के प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। जिसके उपचार पर अब तक काफी राशि खर्च आ चुकी है। उसका पिता संजय मजदूरी का कार्य करता है। तीन बहनों का इकलौता भाई अरमान है। एडवोकेट अजमेर ने बताया कि अरमान के झूलसने की जानकारी मिलने के बाद वो खुद भी 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद कर चुका है। ये जानकारी उचाना के सेवा ग्रुप के संयोजक मा. रामप्रसाद को दी। इस पर सेवा गुरप के सदस्यों द्वारा दो दिन के अंदर 32301 रुपए की राशि एकत्रित कर एसडीएम दलजीत सिंह की अध्यक्षता में अरमान के परिवार को दी। एसडीएम ने कहा कि उचाना सेवा में कर्मचारी, अधिकारी एवं समाजसेवी लोग जुड़े हैं जो नेक कमाई से वंचित, जरूरतमंद लोगों की आवश्यक मदद कर देते हैं।

ये रहे मौजूद

बता दे कि पूर्व में उचाना के एसडीएम रहे डॉ. राजेश खोथ जिन्होंने इस ग्रुरप का गठन त्वरित सेवा के लिए किया था। आज भी यह ग्रुरप त्वरित सेवा के रूप में अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ग्रामीण चिकित्सक संघ के प्रधान डॉ. रामनिवास ने मौके पर आश्वासन दिया है कि किसी भी प्रकार की प्राथमिक चिकित्सा इस परिवार को आवश्यकता होगी वह निशुल्क प्रदान की जाएगी। हांसी के एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि वह संबंधित अस्पताल पर आवश्यक मदद पीड़ित परिवार को पहुंचाएंगे। कृष्ण खटकड़, पं. देशराज, शीशपाल शास्त्री, डॉ. सत्यवान, मा. अमित थलौड़, रघुवीर शर्मा प्रधान, सतीश शर्मा, प्रवीण कुमार मौजूद रहे।

जींद। छात्राओं को जानकारी देते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

कार्यशाला का किया आयोजन

जींद। हिंदू कन्या कालेज के युवा रेडक्रॉस सेल द्वारा विश्व फस्ट एड दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के विशेष वक्ता के रूप में डॉ. गौरव लाखिना ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस सेल इंचार्ज डॉ. सीमा दलाल और सदस्या डॉ. रश्मि द्वारा किया गया। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम द्वारा की । प्राचार्य डॉ. पूनम ने बताया कि युवा रेडक्रॉस सेल के विद्यार्थियों के लिए यह कार्यशाला अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थी आपातकालीन परिस्थितियों में फस्ट एड प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित हो सकेंगे और मानवता की सेवा कर सकेंगे। डॉ. गौरव लाखिना ने फस्ट एड के महत्व और इसके विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यशाला में फस्ट एड के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की, जैसे कि फस्ट एड का अर्थ, फस्ट एड देना क्यों जरूरी है, और फस्ट एड को सीखकर हम मानवता की सेवा कैसे कर सकते हैं। विभिन्न बीमारियों और आपातकालीन परिस्थितियों में फस्ट एड प्रदान करने के तरीके भी बताए।

दस हजार पेड़ लगाने का लिया संकल्प

- समाजसेवी आशुतोष शर्मा ने एक अनूठी मुहिम की शुरुआत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जींद निवासी समाजसेवी आशुतोष शर्मा ने एक अनूठी मुहिम की शुरुआत की है। अभियान का नाम दिया है वृक्ष लगाओ, पृथ्वी बचाओ, पर्यावरण बचाओ। मुहिम के तहत आशुतोष शर्मा ने 10,000 पेड़ लगाने का संकल्प लिया है। विशेष पहल यह है कि वे केवल पेड़ लगाने तक ही सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ की जिम्मेदारी सौंप रहे हैं।

वृक्ष लगाओ-पृथ्वी बचाओ मुहिम छात्रा को पौधा वितरित करते आशुतोष शर्मा।

सार्वजनिक स्थानों पर किया जाएगा पौधरोपण

आशुतोष शर्मा ने कहा कि यदि हर नागरिक केवल एक पेड़ को अपने बच्चे की तरह पालने और संवारने का संकल्प ले ले, तो आने वाले वर्षों में पर्यावरण की स्थिति में बड़ा परिवर्तन देखा जा सकता है। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति से आग्रह किया जा रहा है कि वे अपने लगाए गए पेड़ की देखभाल पानी देने से लेकर उसकी सुरक्षा तक करें, ताकि वह वृक्ष बनकर समाज को शुद्ध वायु, छाया और हरियाली प्रदान कर सके। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उसके विकास और संरक्षण की जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस अभियान की शुरुआत स्थानीय स्तर पर की गई है और इसके अंतर्गत गाँवों, स्कूलों, मंदिरों, सरकारी दफ्तरों और सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण किया जाएगा।

जींद। रैपिड फीवर मास सर्वे के दौरान पानी में लार्वा की जांच करते स्वास्थ्य कर्मी।

रैपिड फीवर मास सर्वे किया

जींद। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत जलालपुर कलां गांव में स्वास्थ्यकर्मियों ने रैपिड फीवर मास सर्वे किया। स्वास्थ्यकर्मी पवन श्योकंद, जयवीर नेहरा, सुशील शर्मा, रामदयाल व पवन कुमार ने सर्वे के दौरान बुखार पीड़ितों की रक्त पट्टिका बनाई और घरों के टंकी, कूलर, होदी, ड्रम, फ्रि ज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे, छतों पर पड़े कबाड़ में लार्वा की जांच की व मलेरिया से बचाव बारे पंपलेट भी बांटे गए। इस दौरान गांव में कई जगह बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ बारे शपथ भी दिलाई गई व पीएनडीटी एक्ट की जानकारी भी दी गई। पवन श्योकंद ने कहा कि मलेरिया बुखार संक्रमित मादा एनाफलिज मच्छर के काटने से होता है, जोकि पानी में अपना जीवन चक्र पूरा करता है। मलेरिया में कंपकंपी के साथ बुखार आता है और पसीना आकर बुखार उतर जाता है। इसके अलावा सिर दर्द, उल्टी व दस्त, चक्कर आना, जी मचलना व पूरे शरीर में थकावट होना मुख्य लक्षण हैं। इससे बचाव के लिए अपने घरों के आसपास पानी जमा नहीं होने दें। अगर पानी जमा है तो उसमें काला तेल डाल दें।

कार्यक्रम एक दिवसीय कैंप में परिवार पहचान प्राधिकरण स्टेट कोऑर्डिनेटर बोले

प्रदेश की नायब सरकार आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध : डॉ. सतीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सरकार द्वारा चलाए जा रहे परिवार पहचान पत्र कार्यक्रम के अंतर्गत पांडू पिंडारा गांव में एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। परिवार पहचान प्राधिकरण हरियाणा सरकार के स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश विशेष रूप से उपस्थित रहे।

डॉ. सतीश ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिले में 23 से 60 वर्ष की 112310 विवाहित महिलाएं व 23 से 45 वर्ष की 16622 अविवाहित प्रथम चरण की लाडो लक्ष्मी योजना पेंशन का लाभ प्राप्त करेंगी। यह योजना महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए कारगर कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 500 से ज्यादा योजनाओं को ऑनलाइन कर दिया है, जिससे लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। अब पात्र व्यक्ति सीधे फैमिली आईडी के माध्यम से योजनाओं से जुड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र सिर्फ योजनाओं से जोडऩे का ही माध्यम नहीं है, बल्कि यह सरकार को हर परिवार की वास्तविक स्थिति का आंकलन करने में भी मदद करता है। इससे सरकार को यह समझने में आसानी होती है कि किस परिवार को किस योजना का लाभ मिलना चाहिए। इस प्रकार पारदर्शिता बढऩे के साथ-साथ समय और संसाधनों की भी बचत होती है। विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा के प्रतिनिधि के तौर पर रुद्राक्ष मिढ़ा ने ग्रामीणों से कहा कि बिना भेदभाव से समान तौर पर नायब सैनी सरकार काम कर रही है। इसी आधार पर भाजपा हरियाणा में भी और देश में भी चौका लगाएगी।

कैंप के दौरान ग्रामीणों के साथ स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश व रूद्राक्ष मिड्ढा।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जयंती मंडल अध्यक्ष बलराज पांचाल, शहरी मंडल अध्यक्ष गुलशन रोहिल्ला, पांडू पिंडारा ग्रामीण अध्यक्ष कृष्ण रेढू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुमन सहारण, अनिल शर्मा, पार्षद राम मेहर, अमित भारतीय, प्रदीप, मंजू देवी, सरपंच सुभाष, सरपंच नीलम देवी, सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप मलिक भी मौजूद रहे।

जींद। कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को संबोधित करते कृष्ण जमालपुर।

सरकार हर मोर्चे पर फेल : कृष्ण

जींद। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर ने कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर फेल है। हरियाणा प्रदेश इस समय भयंकर बाढ़ की चपेट में है। ताजा स्थिति बेहद चिंताजनक है। कृष्ण जमालपुर मंगलवार को जिला जींद की संगठन समीक्षा बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हिसार, सिरसा, अंबाला, यमुनानगर, पानीपत और करनाल जिले सबसे अधिक बाढ़ प्रभावित हैं। सैकड़ों गांवों में बिजली व पानी की भारी किल्लत है और लोग भोजन व सुरक्षित ठिकानों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। प्रदेश में बाढ़ से जनजीवन तबाह है, लेकिन भाजपा सरकार पूरी तरह से गायब है। यह सरकार न तो पहले कोई तैयारी कर सकी, न ही अब राहत एवं बचाव कार्यों में सक्रियता दिखा रही है। किसान, मजदूर और गरीब परिवार इस आपदा से ग्रस्त हैं, जबकि भाजपा नेता बयानबाजी और राजनीतिक आयोजनों में व्यस्त हैं। बहुजन समाज पार्टी हरियाणा की मांग है कि तुरंत विशेष राहत पैकेज की घोषणा हो। प्रदेश सचिव सूरत सिंह, जोन प्रभारी मास्टर जिले सिंह कश्यप आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

प्रसव पूर्व लिंग जांच नहीं करवानी चाहिए

राजौंद। गांव नीम वाला में स्वास्थ्य विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप सिंह के दिशा निर्देशानुसार गांव नीमवाला स्थित आंगनवाड़ी सेंटर में हुआ।

पूंडरी के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की

पूंडरी । पूंडरी के ऐतिहासिक व प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में मंगलवार के पावन अवसर पर भव्य पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालु हनुमान जी के जयकारों के साथ पूजा-पाठ में शामिल हुए और आशीर्वाद प्राप्त किया। आज के दिन मंदिर में आए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

विद्यार्थियों को दी मीडिया की जानकारी

कैथल । राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बात्ता में आज मीडिया की भूमिका एवं कम्युनिकेशन स्किल विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल सुभाष धीमान ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में मीडियाकर्मी कृष्ण कुमार टीक ने शिरकत की। व्याख्यान के दौरान कृष्ण कुमार ने विद्यार्थियों को मास कम्युनिकेशन, कम्युनिकेशन स्किल, मीडिया के प्रकार और उसके विभिन्न रूपों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

आरकेएसडी कालेज में सेमिनार का आयोजन

कैथल । आरकेएसडी कालेज के प्रांगण में योग शिविर एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग, एन सी सी तथा एन एस एस ने श्री योग वेदांत समिति के साथ मिलकर छात्रों को मोबाइल की लत एवं नशा मुक्ति के बारे में यह आयोजन किया। इसका शुभारम्भ प्राचार्य डॉ राजवीर पाराशर ने मुख्य वक्ता के स्वागत से किया।

जीवन का असली सुख सेवा और भक्ति में: संत

सीवन। समाजसेवी प्रवेश के निवास स्थान पर धार्मिक विचार व्यक्त करते संत छवि रामदास ने कहा कि जीवन का असली सुख केवल भौतिक वस्तुओं में नहीं बल्कि सेवा और भक्ति में छिपा है। जो इंसान अहंकार को छोड़कर सच्चे दिल से भक्ति करता है और दूसरों की सेवा करता है वास्तविक आनंद को प्राप्त करता है। संत छवि रामदास ने कहा कि भगवान उसी के करीब रहते हैं जिसका दिल पवित्र हो और जो सभी प्राणियों को समान दृष्टि से देखता हो।

जिला बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

लोगों को उनके हक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं वकील : कृष्ण बेदी

वकालत करना बहुत ही नेक एवं जिम्मेदारी का कार्य

कैथल । बार कांप्लेक्स कैथल के कार्यक्रम में भाग लेते राज्य मंत्री कृष्ण बेदी, ज्योति सैनी, मुनीष कठवाड फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा के सामाजिक, न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि वकील समाज के वो स्तंभ हैं, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि हर नागरिक को न्याय मिले। वकील न केवल कानून के जानकार होते हैं, बल्कि वे लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उन्हें उनके हक दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आपका व्यवसाय बहुत ही नेक एवं जिम्मेदारी का कार्य है। सामाजिक, न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी मंगलवार को बार कांप्लेक्स में जिला बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने में जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप शर्मा, अधिवक्ता शक्ति सौदा सहित अन्य अधिवक्ताओं ने मंत्री कृष्ण बेदी का स्वागत किया। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी विशेष रूप से मौजूद रही।मंत्री कृष्ण कुमार बेदी वकीलों को संबोधित करते ने कहा कि आप लोग जिस व्यवसाय से जुड़े हैं, उसमें लोगों की भलाई के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बन जाती है। आप सभी समाज के कमजोर और वंचित तबकों को कानूनी सहायता प्रदान करके बहुत ही नेक कार्य कर रहे हैं। वकील हमेशा से ही समाज में न्याय और समानता स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। वकील पर समाज का बहुत ज्यादा विश्वास है। जिसका अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि जो कागजात कोई व्यक्ति अपने भाई और बेटों के हाथ नहीं सौंपता, उसे वकील के हाथ सौंप दिया जाता है। बहुत लोगों का विश्वास और भावनाएं वकीलों से जुड़ी हुई हैं। वकील अपने मुवक्किल की जीत के लिए जी जान लगा देता और एक अनपढ़ व्यक्ति को भी सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिला देता है।

ये रहे कार्यक्रम में मौजूद

इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन प्रधान संदीप शर्मा ने बार एसोसिएशन के भवन के सौंदर्यीकरण एवं सभागार के फर्नीचर के लिए आर्थिक सहयोग की मांग की। जिस पर मंत्री जी ने उन्हें आश्वासन दिया कि एसोसिएशन प्रोजेक्ट बनाकर उनके पास ले आएं, निश्चित तौर पर उसे पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर बीजेपी जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष मुनीष कठवाड, हेमराज वधवा, सुरेश संधू, मनीष शर्मा, बलविंद्र जांगड़ा, अमित रोहिला, नरेंद्र जिंदल, दिनेश भाटिया, रविंद्र तंवर, राजिंद्र पाटिल, दीपक, रिंकू, महेंद्र सिंह सहित अन्य बड़ी संख्या में वकील और कानूनी क्षेत्र से जुड़े लोग मौजूद रहे।

सरकार सभी वर्गों की भलाई के लिए कार्य कर रही

कैथल । सामाजिक, न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कैथल में मीडिया से बातचीत में कहा कि शिक्षा, चिकित्सा और सुरक्षा हमारी सरकार का ध्येय है और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार सभी वर्गों की भलाई के लिए कार्य कर रही है। जलभराव के सवाल को लेकर मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने अलग अलग नुकसान पर अलग अलग मुआवजा देने की घोषणा की है। इसके अलावा मंत्रियों, विधायकों व अन्य जनप्रतिनिधियों में अपनी एक माह की तनख्वाह राहत कार्य में देने का फैसला लिया है। सरकार के प्रबंधनों की वजह से हरियाणा में पड़ोसी राज्यों के मुकाबले बहुत कम हानि हुई है। जिस प्रकार से पंजाब में हालात हुए हैं कि पूरा का पूरा जिला पूरा पंजाब प्रांत आपदा ग्रस्त घोषित करना पड़ा। लेकिन हरियाणा के मुख्यमंत्री, प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने जनता के बीच जाकर लोगों की समस्याओं सुना और उनका विश्वास जीतने का काम किया। जिससे बहुत बड़ी हानि होने से बची है। बाढ़ से प्रभावित लोगों को आश्वासन दिया कि अगर गरीब की बकरी भी मरी है तो उसका भी सरकार मुआवजा देगी। किसान हो या व्यापारी सभी के नुकसान की भरपाई की जाएगी। इस संकट की घड़ी में हरियाणा के प्रत्येक नागरिक साथ हम मजबूती के साथ खड़े हैं।

महंत राजेश्वर पुरी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम

साधु संतों का एक-एक पल समाज मानव कल्याण को समर्पित: कृष्ण

कैथल । सामाजिक, न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार माता गेट के कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सामाजिक, न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि साधु संतों का एक-एक पल समाज एवं मानव कल्याण को समर्पित हैं। आप लोग सनातन को आगे बढ़ा रहे हैं। सामान्य आदमी केवल अपने बाल बच्चों को परिवार मानते हैं, लेकिन संत लोग पूरे समाज को अपना परिवार मानते हैं। आज सनातन और मातृभूमि की रक्षा की जिम्मेदारी संतो के हाथों में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सनातन के सबसे बड़े संरक्षक हैं। मैं अपील करता हूं सभी से कि उनके जन्मदिन 17 सितंबर के दिन यज्ञ का आयोजन करें। नरवाना के खरल में विशाल हवन यज्ञ में वे स्वयं भाग लेने जाएंगे। जहां संतों का आशीर्वाद लेंगे। सामाजिक, न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी मंगलवार को डेरा बाबा परमहंस पुरी सूरजकुंड माता गेट कैथल में श्री श्री 1008 मच्छंदर पुरी जी महाराज वेलफेयर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा ब्रह्मलीन महंत राजेश्वर पुरी जी महाराज की पांचवीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में आमजन को संबोधित कर रहे थे।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बीजेपी जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, पूर्व जिला अध्यक्ष मुनीष कठवाड़, सुरेश गर्ग, संत समाज में हरिओम जी महाराज, कपिलपुरी जी महाराज, शिवपुरी जी महाराज, नरेश पुरी जी, तोताग्रिरी महाराज, परमहंस, ईश्वर महाराज, विजयग्रिरी महाराज, शब्दपुरी महाराज आदि मौजूद रहे।

स्वयं सेविकाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

छात्राओं ने श्रमदान कर महाविद्यालय प्रांगण की साफ सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत कैथल के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साह पूर्ण भाग लिया। इस शिविर में महाविद्यालय की छात्राओं ने श्रमदान करते महाविद्यालय प्रांगण की साफ सफाई की। छात्राओं ने दराती,कस्सी ,खुरपी कसोले का प्रयोग करके महाविद्यालय के प्रांगण में उगे कांग्रेस घास व अन्य प्रकार के घास को काटकर साफ किया।

कैथल । श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत की छात्राएं सफाई अभियान चलाते हुए फोटो : हरिभूमि

महाविद्यालय के प्राचार्य ने साथ में बतलाया कि एनएसएस एक निस्वार्थ भाव से कार्य करने की एक संस्था है जिसमें हमें निस्वार्थ भाव से काम करते रहना है। समाज हेतु श्रमदान रक्तदान स्वच्छता बाढ़ पीड़ितों की सहायता, सहयोग की सहायता करते रहना चाहिए।

पौधे वितरित किए

महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील गर्ग ने छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए छात्राओं को महाविद्यालय में होने वाली प्रत्येक गतिविधि में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया । महाविद्यालय में एक पौधारोपण कार्यक्रम भी चला गया जिसके तहत महाविद्यालय में वृक्षारोपण किया गया और महाविद्यालय की छात्राओं को पौधे वितरित किए गए।

छात्राओं को पौधों को देकर लगाने के लिए ही प्रेषित नहीं किया गया बल्कि उन्हें उनका संरक्षण संवर्धन करने के लिए भी प्रतीबद्ध रहने का प्राण दिलवाया गया

ओम शांति कोई शब्द नहीं बल्कि यह हमारी आत्मा का चिंतन : अशोक गुर्जर

परमात्मा शिव के नाम कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि ढांड के द्वारा बालाजी हनुमान मंदिर के प्रांगण में दिव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम 'एक शाम परमपिता परमात्मा शिव के नाम' का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता पानीपत के प्रभारी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष कैथल अशोक गुर्जर ढांड, वशिष्ठ अतिथि बहन बी के रानी और कार्यक्रम की अध्यक्षता बहन राजयोगिनी बीके पुष्पा देवी ने की। कार्यक्रम में मुख्य प्रस्तुति महाराष्ट्र के सुप्रसिद्ध गायक भाई बीके अविनाश ने अपने गीत और प्रवचन के माध्यम से सभी भाई- बहनों को दिव्य अनुभूति करवाई। मुख्य अतिथि अशोक गुर्जर ढांड ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ओम शांति कोई शब्द नहीं बल्कि यह हमारी आत्मा का चिंतन है। जब भी हम ओम शांति बोलते हैं तो हमें बोध होता है कि हमारी आत्मा शांत स्वरूप, पवित्र स्वरूप हमें आभास कराती है कि हम परमात्मा की संतान है। हमें खुशी सबसे ज्यादा इस बात में होनी चाहिए कि भगवान ने हमें जो भी दिया उसी में हमें खुश रहना चाहिए।

कैथल। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं । फोटो : हरिभूमि

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कमालपुर में किया पौधारोपण

पौधारोपण करते अधिकारी ।

कलायत। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कमालपुर में आज एनएसएस के तत्वावधान में एक दिवसीय विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का मुख्य विषय "नशा मुक्ति एवं एक पेड़ माँ के नाम" रहा, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकार और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी कलायत सुरेश नैन उपस्थित रहे। उनके साथ राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य गोरा सिंह , लिपिक सलीम व मलकीत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी श्री सुभाष शास्त्री ने मंजीत शास्त्री के सहयोग से किया । छात्रा निशु देवी ने अपनी ओजस्वी कविता के माध्यम से नशा मुक्ति का सशक्त संदेश दिया। वहीं एक अन्य छात्रा प्रिया ने एनएनएस पर अपने विचार रखकर सबका ध्यान आकर्षित किया। मुख्य अतिथि सुरेश नैन ने कहा "नशा मुक्ति का संकल्प तभी सफल होगा जब युवा वर्ग स्वयं आगे बढ़कर समाज में प्रेरणा बने। हमें पेड़ लगाकर जीवन और पर्यावरण दोनों को संवारने का प्रयास करना चाहिए।" प्रधानाचार्य सुनील कुमार जिंदल, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुभाष शास्त्री ने कहा— "स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी ही इस शिविर की सबसे बड़ी सफलता है। नशा मुक्त समाज और हर घर में एक पेड़ लगाने का संकल्प हमारे युवा देश को नई दिशा देगा।"

बेटियों की सुरक्षा व शिक्षा में अपना पूर्ण सहयोग देने की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूंडरी के अंतर्गत आने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र पाई तृतीय पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ हरियाणा व भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य समाज में बेटियों की सुरक्षा और शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने रहा ।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में उप स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत श्रवण करोड़ा व निर्मल देवी ने सयुक्त रूप से पाई गांव की लाइब्रेरी में उपस्थित बेटियों व महिलाओं को जानकारी देते बताया कि अभियान 22 जनवरी 2015 को शुरू किया गया था।

कैथल । पाई लाइब्रेरी में बेटियों व आशा वर्कर्स को शपथ दिलाते हुए फोटो :हरिभूमि

ये मौजूद रही

मीटिंग में उपस्थित सभी बेटियों महिलाओं व उप स्वास्थ्य केंद्र की सभी आशा वर्कर्स को निर्मल देवी द्वारा बेटियों की सुरक्षा व शिक्षा में अपना पूर्ण सहयोग देने की शपथ दिलाई गई। बताया कि बेटी घर की जान होती है। इस अवसर पर आशा वर्कर सुदेश रानी, उर्मिला देवी, कुसम रानी , प्रियंका रानी , पिंकी देवी व संतोष देवी मौजूद रही।

साइबर ठगी से सतर्क रहने की अपील

साइबर अपराधों से बचने के लिए सतर्कता जागरूकता ही सबसे बड़े हथियार : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

बढ़ रहे साइबर अपराधों से सतर्कता और जागरूकता अपनाकर ही बचा जा सकता है। एसपी आस्था मोदी ने कहा की डिजिटल लेन-देन और ऑनलाइन सुविधाओं के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ साइबर ठगी के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। आमजन को फर्जी कॉल, एसएमएस, लिंक, ई-मेल, मोबाइल ऐप्स और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से ठगों द्वारा लगातार निशाना बनाया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक का नागरिकों के लिए संदेश

एसपी आस्था मोदी ने आमजन को संदेश देते हुए कहा कि 'थोड़ी सी जागरूकता और सतर्कता आपको आर्थिक और मानसिक नुकसान से बचा सकती है। इंटरनेट का उपयोग सोच-समझकर करें और यदि किसी भी प्रकार की ठगी का शिकार होते हैं, तो घबराएं नहीं - तुरंत पुलिस से संपर्क करें। पुलिस हर कदम पर आपके साथ है।' उन्होंने आगे बताया कि कैथल पुलिस नागरिकों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने हेतु निरंतर जागरूकता अभियान चला रही है। स्कूलों, कॉलेजों, ग्राम पंचायतों और विभिन्न संस्थानों में साइबर सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

रक्त को सड़कों पर बहने से रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन करें

रक्तदान करना जीवन का सबसे बड़ा दान: उपायुक्त

108 रक्तदाताओं ने रक्त देकर दी श्रद्धांजलि

कैथल। डीसी प्रीति रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए तथा रक्तदान करने वाले आईटीआई के विद्यार्थियों को सम्मानित करते।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, क्योंकि इससे किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है। हमें स्वयं रक्तदान करने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी इसके प्रति प्रेरित करना चाहिए। रक्तदान की इस मुहिम को जन जन पहुंचाना चाहिए। डीसी प्रीति मंगलवार को स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद लाला जगत नारायण जी की 44वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कैथल के आईजी कॉलेज में आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहीं थीं। इस अवसर पर 108 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत लाला जगत नारायण जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। डीसी प्रीति ने कहा कि यह एक ऐसा दान है जिसमें न कोई पैसा खर्च होता है और न ही कोई बड़ा त्याग करना पड़ता है, लेकिन इसका महत्व बहुत बड़ा है। यह रक्त किसी सड़क दुर्घटना के शिकार व्यक्ति के काम आ सकता है, किसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीज के लिए संजीवनी बन सकता है या फिर किसी माँ और नवजात शिशु के लिए आशा की किरण बन सकता है। यह मानवता के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि युवा इस बात का ध्यान रखें कि आज वे जो रक्तदान कर रहे हैं, वह रक्त सड़क हादसों में सड़कों पर न बहे। इसके लिए युवा यातायात नियमों का पालन करें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करें। चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट सहित अन्य यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने रक्तदान शिविर के लिए लाला जगत नारायण को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पंजाब केसरी समूह को रक्तदान शिविर आयोजित करने पर शुभकामनाएं दीं।

ये रहे मौजूद

वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर, पुलिस विभाग से डीएसपी बीरभान सिंह व डीएसपी ट्रैफिक सुशील प्रकाश ने शिरकत की और अपन अपने विचार रखे। इस अवसर पर आईजी कॉलेज प्रबंधन समिति से जगदीश बहादुर खूरानिया व राम बहादुर खूरानिया, रेडक्रास सोसायटी के सचिव रामजी लाल, वरिष्ठ पत्रकार महिपाल सिंह, गौरव मित्तल, जयपाल रसूलपुर, रमेश कुमार, नरेश पंवार, सोनू थूआ, पंकज आत्रेय, आइटीआइ से अनुदेशक रणधीर ढांडा, ऋषिपाल, श्वेता दुल, जैडकिंग संस्थान के एमडी बलविंद्र सिंह दुल, नोडल ब्लड बैंक के एमडी सुरेंद्र कैंदल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

महिला सशक्तिकरण के तहत पूंडरी खंड में किया बैठक का आयोजन

कैथल। महिला सशक्तिकरण के तहत पूंडरी खंड में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें दस दिवसीय जागरूकता अभियान पर चर्चा की गई। बैठक में सभी सुपरवाइजर एवं सभी वर्कर एवं गांव की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला मिशन समन्वयक ज्योति द्वारा किया गया। इसमें डीएचईडब्ल्यू अभियान के तहत आने वाली सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

सूचना

मैं, बेदो देवी पत्नी श्री दिलबाग निवासी 69/3 शीतलपुरी कॉलोनी, जिला जींद बयान करती हूं कि मेरा पुत्र पांडूराम मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

ग्राम पंचायत बोहतवाला
ब्लॉक व जिला जींद (हरियाणा)

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गांव बोहतवाला में दिनांक 24.09.2025 को सामान्य चौपाल डेरे के पास में प्रातः 10 बजे सरेआम शिव मंदिर वाला तालाब की बोली 5 वर्ष हेतू पट्टे पर मछली पालन के लिए ग्राम पंचायत द्वारा करवाई जाएगी जिसकी नियम व शर्तें मौके पर पढ़कर सुनाई जाएंगी। जमानत राशि 20000/-रूपये ली जाएगी।

ग्राम सचिव
पवन कुमार
मो. नं. 9466305171

रेखारानी
सरपंच बोहतवाला
खंड जींद
मो. नं. 94660-12012

खबर संक्षेप

जजपा नेता राजू पाई बने प्रदेश संयुक्त सचिव

पूंडरी। जननायक जनता पार्टी ने पूंडरी हलका के कर्मठ व जुझारू नेता राजू पाई को प्रदेश संयुक्त सचिव की अहम जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति की खबर मिलते ही पूंडरी क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। राजू पाई लंबे समय से जेजेपी के संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। पार्टी हाईकमान ने यह जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। स्थानीय लोगों और समर्थकों ने राजू पाई को ढेरों बधाइयां देते हुए कहा कि उनका प्रदेश स्तर पर जुडऩा पूंडरी हलके की बड़ी उपलब्धि है तथा क्षेत्र की आवाज उठाने में मजबूती मिलेगी।

चोरों ने हंसुमाजरा से चुराए ट्रांसफार्मर

कैथल। गांव हंसुमाजरा से चोर ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। बिजली निगम गुहला के एसडीओ राहुल यादव ने बताया कि चोर 3 सितंबर को गांव हंसू माजरा के ज्ञान सिंह के खेतों में रखा ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। चुराए गई ट्रांसफार्मर की कीमत 82800 बताई गई है। हेड कांस्टेबल महिपाल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। दूसरे मामले में बिजली निगम कैथल के उपमंडल अभियंता अमनदीप ने आरोप लगाया है कि कर 30 अगस्त को पट्टी खोट कैथल के कृष्ण के खेतों में रखा ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। मुख्य सिपाही दीपक ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

एचआईवी और एड्स से बचाव की दी जानकारी

राजौंद। सावित्री देवी मेमोरियल कॉलेज राजौंद में सीएमओ रेणु चावला व डॉक्टर संदीप के दिशा निर्देश अनुसार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. संदीप कुमार के मार्गदर्शन में एक कैंप और सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें काउंसलर मनीत ने एचआईवी और एड्स की जानकारी देते हुए बताया एचआईवी असुरक्षित यौन संबंध से पॉजिटिव मां से उसके बच्चे को संक्रमित रक्त उत्पाद चढ़ाने से, संक्रमित सुई से एक दूसरे में हो जाता है। यह नहीं होता छूने से, हाथ मिलाने से,गले लगाने से,आपसी मेलजोल से,मच्छर के काटने से,साथ रहने या उठने बैठने से, साथ में खाना खाने से और एक दूसरे के कपड़े पहने या गुसलखाना प्रयोग करने से नहीं होता।

पंचायती जमीन पर अवैध कब्जे का मामला

सबूतों के साथ पहुंचे ग्रामीण बीडीपीओ से मिला आश्वासन

बीडीपीओ अलेवा बोले, एसडीएम उचाना की कोर्ट में लगाया जाएगा केस, संडील में कुछ ग्रामीणों द्वारा किया गया है अवैध कब्जा

अलेवा। पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा मामले में बीडीपीओ अलेवा से मिलते संडील गांव के ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अलेवा

संडील गांव के लोग मंगलवार को गांव के ही कुछ लोगों पर पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा करने के आरोप लगाते बीडीपीओ अलेवा अक्षयदीप चौहान से मिले। इस दौरान ग्रामीण ने बीडीपीओ को साल दर साल पंचायती जमीन की बोली देने की रशीद दिखाई। जिसके चलते बीडीपीओ ने ग्रामीणों को पंचायत के माध्यम से एसडीएम उचाना की कोर्ट में अपील करवाने की बात कही।

बीडीपीओ अलेवा को मिले संडील गांव के ग्रामीण सतबीर, इंद्र, अमरजीत, दर्शन, चंदगी, कर्मबीर ने बताया कि बीडीपीओ अलेवा से मिलकर बताया कि गांव के कुछ लोगों ने वर्ष 2021 से जमीन को गैर मरूसी बताकर अवैध कब्जा किया हुआ है।ंचायत इससे पूर्व उक्त जमीन की बोली करवाती आई है। इसकी साल दर साल उनके पास रशीद है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त आदमियों ने 1970 और 1985 में पंचायती जमीन को बोली पर छुडवाया था। जिसमें नहरी विभाग ने उक्त लोगों के नाम गिरदावरी की थी, जिसके चलते उन्होंने जींद कोर्ट में केस लगाया है। इसमें अदालत ने 29 अक्तूबर 2021 को एक आदेश जारी कर कहा गया कि जैसी स्थिति है वैसे ही रखा जाए कि पंचायत को अधिकार है कि अपने विवेक पर कार्रवाही क र सकती है। लेकिन उस समय के ग्राम सचिव ने आदेशों की पालना न करते हुए कोर्ट के दिए नोटिस को देखकर उक्त जमीन की बोली रूकवा कर मिलीभगत करके उक्त आदमियों का कब्जा करवा दिया। यही नहीं इस्तेमाल से लेकर 2021 तक ग्राम पंचायत ही उक्त जमीन की बोली करवाती आई है। फिर विभाग ने कैसे पंचायती जमीन पर उक्त लोगों का कब्जा करवा दिया।

अलेवा। पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा मामले में कागजात दिखाते संडील गांव के ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

जल्द समाधान का करेंगे प्रयास

अलेवा बीडीपीओ अक्षयद्वीप चौहान ने बताया कि गैर मरूसी का नाम जमीन से हटवाने के लिए पंचायत के माध्यम से एसडीएम उचाना की कोर्ट में केस लगवाया जाएगा। इसके लिए डीसी व डीडीपीओ को मामले से अवगत करवा जल्द ही पंचायत व ग्रामीणों के सहयोग से समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा।

बीडीपीओ अलेवा ने मामले को देखकर पंचायत के माध्यम से उचाना एसडीएम के पास अपील करवा समस्या का जल्द समाधान करने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया है।

विद्यार्थियों को लाइफ स्किल्स से सशक्त बनाने के लिए करें काम

- डीसी ने स्टीयरिंग कमेटी की मासिक बैठक में दिए निर्देश

कैथल। जिला स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक लेते डीसी प्रीति।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

लघु सचिवालय में डीसी प्रीति की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से निपुण हरियाणा मिशन की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। वर्ष 2026 तक सभी विद्यार्थियों को लेवल दो स्तर तक पहुंचाने का लक्ष्य दिया गया। डीसी ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि शीघ्र ही सभी प्राइमरी इंचार्ज की बैठक बुलाएं। साथ ही स्कूल दौरे के निर्धारित पैरामीटरों पर आधारित चेकलिस्ट से समीक्षा की जाए। जिले के करीब 90,000 विद्यार्थियों को लाइफ स्किल्स से सशक्त करने पर विशेष जोर दिया। एबीआरसी एवं सीआरसी स्तर पर बैठकों में गतिविधियाँ शामिल करने के निर्देश दिए गए। डीसी ने शिक्षकों व अधिकारियों के व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक विकास पर भी जोर देते हुए कहा कि अगली मासिक बैठक में आगे की कार्ययोजना बनाई जाएगी। डीईईओ को निर्देश दिए कि कमजोर बच्चों की पहचान करके उनके लिए विशेष शिक्षण अभियान चलाएं। एक पेड़ मां के नाम अभियान में सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों को 15 सितंबर तक 100 - 100 पौधे लगवाना सुनिश्चित करें।

श्री भारतीय कला केंद्र ने विधायक सावित्री जिंदल को दिया निमंत्रण

- 21 सितंबर से नरवाना के हुड्डा ग्राउंड में शुरू होगा रामलीला का मंचन, एक माह से चल रही रिहर्सल

नरवाना। विधायक सावित्री जिंदल को निमंत्रण पत्र देते हुए संस्था सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

श्री भारतीय कला केंद्र द्वारा आगामी 21 सितंबर से रामलीला का मंचन नरवाना के हुड्डा ग्राउंड में किया जाएगा। भारतीय कला केंद्र प्रधान कुलदीप सिंगला ने बताया कि इस बार भारतीय कला केंद्र के कलाकारों ने पिछले एक महीने से रिहर्सल करके रामलीला के मंचन के लिए स्वयं को तैयार किया है।

कुलदीप सिंगला ने बताया कि हिसार की विधायक सावित्री जिंदल व हिसार की पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला को भारतीय कला केंद्र के सदस्यों द्वारा आज निमंत्रण पत्र दिया गया। भारतीय कला केंद्र के ज्ञाना राम शर्मा ने बताया कि सावित्री जिंदल ने निमंत्रण स्वीकार कर आश्वासन दिया कि वह भारतीय कला केंद्र के निमंत्रण पर जरुर पहुंचेंगी।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रधान कुलदीप सिंगला, विनोद मंगला, अनिल गर्ग, ज्ञानाराम शर्मा, मोहनलाल, राम अवतार बंसल,अशुल गोयल, सुखदेव शर्मा, आशीष सान्याल, कुलदीप सिंगला, रामकुमार, प्रमोद सिंगला, हरीश मित्तल, रघुवीर शर्मा मौजूद थे।

ढांड में एसयूसीआई ने पार्टी कार्यालय में माओ-त्से-तुंग को दी श्रद्धांजलि

- चीन को पिछड़े से विकसित राष्ट्र बनाने में उनका विशेष योगदान

ढांड। एसयूसीआई कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड

एसयूसीआई ने ढांड पार्टी कार्यालय में चीन की जनवादी क्रांति के नायक और सर्वहारा के महान नेता कामरेड माओ-त्से-तुंग को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। यह जानकारी पार्टी के जिला सचिव कामरेड राजकुमार सारसा ने दी। उन्होंने कहा कि चीन, जो कभी पिछड़ा हुआ और जापान व इंग्लैंड जैसे देशों का गुलाम था, माओ-त्से-तुंग के नेतृत्व में स्वतंत्र होकर समाजवाद की राह पर आगे बढ़ा। अफीम की लत में फंसे समाज को जगाने व एकजुट करने में माओ ने किसानों के साथ लंबा संघर्ष किया। उन्होंने 'लोंग मार्च' की अगुवाई की और तमाम कठिनाइयों को झेलते हुए 1949 में जनवादी क्रांति को सफल बनाया।

कामरेड सारसा ने बताया कि किसान परिवार से निकले माओ त्से तुंग ने अपने देश को समाजवाद की राह पर डालकर 50 वर्षों में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, गरीबी और अशिक्षा जैसी समस्याओं को मिटाने में सफलता हासिल की। स्वास्थ्य व्यवस्था को भी बेहतर बनाया। उनकी मृत्यु के बाद समाजवाद कमजोर हो गया।

उभरते खिलाड़ियों को बांटी क्रिकेट किट

- प्राचीन भवानी मंदिर परिसर में किया कार्यक्रम का आयोजन

गुहला चीका। खिलाड़ियों को क्रिकेट किट देते हुए भाजपा कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला चीका

सांसद नवीन जिंदल की ओर से युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाकर खेलों से जोड़ने की मुहिम के तहत एक अहम कदम उठाया गया। सोमवार को प्राचीन श्री माँ भवानी मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में माँ भवानी क्रिकेट अकादमी के होनहार खिलाड़ियों को क्रिकेट किट वितरित की गई।

एसडी सभा के प्रधान व भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि खेलों की ओर झुकाव युवाओं को अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक सोच की राह पर ले जाता है। उन्होंने कहा कि आज का युवा यदि खेलों में हिस्सा लेता है तो वह नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहता है। खेल न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखते हैं बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूती प्रदान करते हैं। राजीव शर्मा ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल का सपना है कि गांव और शहर के बच्चे स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं और खेलों के माध्यम से देश का नाम रोशन करें। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में संजीव मित्तल, कुलदीप माजरा, जयभगवान शर्मा बोपर, सरदार हरचेत सिंह, नसीब ककहेड़ी, कर्मबीर संसोदिया, रमेश कुमार, राहुल शर्मा, कोच सुरेंद्र सिंह, और कई युवा खिलाड़ी जैसे दक्ष, राघव, जशन, लविश, हितेश, विशाल, रहमत, जशन बावा, अंकुश, अशोक कुमार, टिंकू इत्यादि उपस्थित रहे।

जय भारत ड्रामाटिक क्लब ने विधायक सतपाल जांबा को दिया दशहरे का निमंत्रण

- दो अक्टूबर को भव्य तरीके से मनाया जाएगा दशहरा पर्व

पूंडरी। विधायक सतपाल जाम्बा को दशहरे कार्यक्रम निमंत्रण देते हुए क्लब सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

जय भारत ड्रामाटिक क्लब पूंडरी द्वारा आगामी 2 अक्टूबर को आयोजित किए जाने वाले दशहरे महोत्सव के लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। सोमवार को क्लब के पदाधिकारियों ने हलका विधायक सतपाल जांबा को उनके निवास गांव जांबा में जाकर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। क्लब का निमंत्रण स्वीकार करते हुए विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि उन्हें ऐसे सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होकर गर्व महसूस होता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह निश्चित तौर पर इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और ऐसे आयोजन समाज में नई ऊर्जा और सकारात्मक संदेश देने का काम करते हैं।

इस मौके पर प्रधान बलराम खुराना, उप-प्रधान अशोक वधवा, सचिन बंटी ग्रोवर, जगदीश क्वात्रा, डॉ. राजेश कुकरेजा, मास्टर रामस्वरूप, देवेंद्र शर्मा और निशांत उप्पल सहित मौजूद रहे। दशहरा पर्व पर श्रीराम द्वारा रावण पर विजय प्राप्त करने की गाथा का मंचन किया जाता है।

19वीं एशियन महिला जूनियर चैंपियनशिप हैंडबॉल में अनिका का शानदार प्रदर्शन, 32 गोल किए

नरवाना। विजेता खिलाड़ी कॉलेज स्टाफ के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

नरवाना। एसडी महिला कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अंजना लोहान ने बताया कि 18वीं एशियन महिला जूनियर चैंपियनशिप हैंडबॉल का आयोजन 20 से 29 अगस्त को हुआ। इसमें बहुत से देश की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कॉलेज की छात्रा अनिका भी भारत की तरफ से खेली। प्रतियोगिता में भारत की टीम का बहुत सी टीमों के साथ मैच हुआ सबसे पहले मैच उज्बेकिस्तान, दूसरा मैच चाइना, तीसरा मैच हांगकांग के साथ ओर चौथा मैच कजाकिस्तान के साथ हुआ। इसमें टीम ने जीत प्राप्त की जिसका स्कोर 25-20 रहा। फिर मैच ईरान के साथ हुआ जिसमें 26-20 से जीता। प्रतियोगिता में अनिका ने उज्बेकिस्तान के खिलाफ आठ, चीन के खिलाफ छह, ईरान के खिलाफ सात और हांगकांग के खिलाफ मैच में 11 गोल करके इंडिया की टीम को जीत दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कॉलेज में पहुंचने पर प्राचार्या ने अनिका को बधाई दी। इस मौके पर प्रधान सुरेश सिंघल, उपप्रधान राजकुमार गोयल, महासचिव जियालाल गोयल, धर्मवीर गोयल ने छात्रा और खेल प्रभारी मनीषा को बहुत बहुत बधाई दी।

बीडीपीओ ऑफिस के कर्मचारियों को 4 माह से नहीं मिला वेतन, परेशान

- अब रसोई का खर्च चलाना हुआ मुश्किल, बीडीपीओ को समस्या से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अलेवा

खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय अलेवा में कार्यरत कर्मचारियों को पिछले लगभग चार माह से वेतन न मिलने के कारण भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वेतन के रूपये न मिलने से कर्मचारियों को रसोई घर का खर्च लगाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कर्मचारियों ने बताया कि सरकार द्वारा पिछले चार माह से वेतन नही दिया जा रहा है। वेतन न मिलने से खफा कर्मचारियों द्वारा इसकी शिकायत डीडीपीओ व बीडीपीओ को भी कर चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नही हो रहा है। बिना वेतन उन्हें अपने बच्चों की स्कूल की फीस, बिजली का बिल, वाहन में पेट्रोल डलवाने व रसोई का खर्च चलाने के लिए से रुपये उधार लेने पड़ रहे है। इससे मानसिक परेशानी से गुजरना पड़ रहा है। कर्मचारियों द्वारा डीसी व पंचायती विभाग के उच्च अधिकारियों से वेतन के रुपये खातों में डलवाने का अनुरोध किया है, ताकि रोजमर्रा के कार्य करने में होने वाली परेशानी से बचा जा सके।

उच्चाधिकारियों से किया है अनुरोध

अलेवा खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय ही नहीं, बल्कि उचाना व उझाना खंड कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को भी पिछले कई माह से वेतन नही मिल रहा है। इसके लिए पंचायती विभाग के जिला अधिकारी को मामले से अवगत करवा कर्मचारियों की सैलरी मंगवाने का अनुरोध किया है। सैलरी न मिलने के कारणों का फि लहाल कोई पता नही चल सका है।

-अक्षयद्वीप चौहान, बीडीपीओ अलेवा

राजौंद। प्रशिक्षण में उपस्थित विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

आदर्श स्कूल जाखौली में फर्स्ट एड सेमिनार आयोजित

राजौंद। आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में आज फर्स्ट एड सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। सेमिनार में गोल्ड मेडलिस्ट डॉ राजा सिंह झिजर मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे। सेमिनार में डॉ झिंजर ने छात्रों को फर्स्ट एड की महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में सही समय पर दी गई प्राथमिक चिकित्सा किसी की जान बचा सकती है। उन्होंने सीपीआर की तकनीक को समझाया और छात्रों को मानव डमी पर प्रैक्टिकल प्रदर्शन कर दिखाया। डॉ झिजर ने कहा कि सीपीआर केवल एक तकनीक नहीं बल्कि जीवन बचाने की कला है। अगर हम इसे सीख लें तो सड़क हादसों या अन्य आपात स्थितियों में अमूल्य जीवन बचा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने डॉ राजा सिंह झिजर का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार के सेमिनार छात्रों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें समाजोपयोगी कौशल भी सीखाते हैं।

उचाना के विधायक ने सफाई कर्मचारियों के साथ पी चाय, लड्डू भी खाएं

उचाना को सामूहिक प्रयासों से स्वच्छता में बनाएंगे नबंर वन

कर्मचारियों को लड्डू बांटकर खुद दी चाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने स्वच्छता अभियान के तहत शहर के रेलवे स्टेशन चौक पर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। सफाई अभियान के बाद सफाई कर्मचारियों को लड्डू बांटे तो चाय भी खुद दी। विधायक ने सफाई कर्मचारियों के साथ बैठ कर लड्डू खाए, चाय पीने के साथ उनकी मन की बात को सुना।

उचाना। सफाई कर्मचारियों के साथ बैठ चाए पीते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री तथा सफाई अभियान की शुरूआत करते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। *फोटो :हरिभूमि*

विधायक ने कहा कि सफाई कर्मी हमारे उठने से पहले सफाई शहर, गलियों की कर जाते है। करोनो के समय अपनी जान की परवाह न करते हुए ड्यूटी जारी रखी। सफाई कर्मियों को हमारा नमन है। हमारी सरकार सफाई कर्मियों के लिए निरंतर अनेकों योजनाएं लेकर आ रही है। उचाना को स्वच्छता में नंबर वन सब मिलकर बनाएंगे। पत्रकार वार्ता में विधायक ने कहा कि स्वच्छ भारत का पीएम नरेंद्र मोदी, स्वच्छ हरियाणा का सीएम नायब सिंह सैनी का मिशन है। स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गई है। अब स्वच्छता को लोग समझने लगे है। रेलवे चौक पर सफाई अभियान शुरू किया है। पीएम नरेंद्र मोदी का 17 सितंबर का जन्म दिन है। सामाजिक संस्थाओं, संगठनों से अपील है कि वो स्वच्छता का जो मिशन है उसको लेकर काम करें। ये ही आह्वान है कि सब जागरूक हो। स्वच्छता सबसे जरूरी है स्वच्छता है तो स्वास्थ्य भी स्वस्थ रहेगा पर्यावरण भी स्वच्छ होगा। स्वच्छ भारत के मिशन में आहुति जरूर डाले। सांसद जेपी द्वारा एक्सीडेंटल विधायक कहे जाने पर कहा कि लोकतंत्र में सभी को बोलने का हक है, परंतु हर किसी को बोलने से पहले उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। लोकतंत्र अपना आइना दिखाता है, मुझे जनमत मिला है।

इथेनॉल ब्लेंडिंग की पहल ने बढ़ाई किसानों की आय

आधिकारिक जानकारी के अनुसार पिछले 10 वर्षों के दौरान इथेनॉल ब्लेंडिंग पहल ने किसानों की आय में वृद्धि की है क्योंकि यह गन्ने से बनाया जाता है, जो ग्रामीण रोजगार में वृद्धि को दर्शाता है। साथ ही 1.75 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर सीओ2 उत्सर्जन में कमी आई है और इसके परिणामस्वरूप 85,000 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है।